
## एक नजर में



### स्वामी परमानंद महाराज का आगमन कल

**ब्यावरा 15 जुलाई, का.** युग पुरुष महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद महाराज का कल 17 जुलाई को ब्यावरा नगर में आगमन होगा. जानकारी के अनुसार गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में महाराजश्री का 17 जुलाई को शाम 5 बजे नगर में आगमन होगा. महाराज श्री के आगमन से उनके शिष्यों, धर्मप्रेमी नागरिकों में काफी उत्साह है. महाराजश्री की जोरदार अगुवानी नगर में की जाएगी. तत्पश्चात 18 जुलाई की सुबह 9 बजे भोपाल बायपास चौराहा स्थित श्री अखण्ड परमधाम पर पादुका पूजन एवं अमृतवाणी सत्संग का कार्यक्रम होगा. धर्मप्रेमी नागरिकों से महाराजश्री की अगुवानी करने एवं आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया गया है.

# रासायनिक खाद से कमजोर हो रही उर्वरा शक्ति

## मिट्टी परीक्षण में जैविक खाद की कमी आ रही सामने, 1231 सैम्पल में से 650 की जांच रिपोर्ट आई

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 15 जुलाई, का. बीते दो साल से बंद पड़ी स्थानीय राजगढ़ रोड पर बीएसएनएल गोडाउन के समीप स्थित मिट्टी परीक्षण लैब मई माह से चालू कर दी गई. दो माह में 1200 से अधिक मिट्टी के नमूनों की जांच की गई. अधिकांश रिपोर्ट में जैविक खाद की कमी एवं रासायनिक खाद की अधिकता के कारण मिट्टी की उर्वरा शक्ति कमजोर होने की बात सामने आई है.**

विदित है कि नगर सहित जिले की 6 ब्लॉक स्तर पर मौजूद मिट्टी परीक्षण लैब बीते दो सालों से बंद पड़ी थी. नगर में स्थित लैब को मई माह से प्रारंभ कर दिया गया. शासन द्वारा लैब को ठेके पर संचालित किया जा रहा है. लैब में खेतों की मिट्टी का परीक्षण कर उसमें होने वाली कमी, किन पोषक तत्वों की आवश्यकता है तथा मिट्टी को अधिक उपजाऊ एवं गुणवत्तापूर्ण



बनाने के लिए मिट्टी में होने वाली कमी को परखा जाता है. मिट्टी के 13 पोषक तत्वों की जांच लैब में हो रही है. मई माह से आज दिनांक तक 1231 सैम्पल की जांच की जा चुकी है तथा 650 जांच रिपोर्ट भी आ चुकी है. अधिकतर जांच में जैविक खाद की कमी आ रही है. रासायनिक खाद के अधिक उपयोग से खेतों की उर्वरक शक्ति कमजोर हो रही है. जैविक कार्बन की कमी पाई है. साथ ही नरवाई जलाने से भी भूमि की उर्वरा शक्ति कमजोर होना आया है.

**जैविक खाद में अधिक तत्व**

कृषि विभाग के अनुसार रासायनिक खाद में पोषक तत्वों की संख्या दो या तीन ही मिल पाती है, जबकि जैविक खाद में पोषक तत्वों की मात्रा 17 तक होती है. इस तरह जैविक खाद हर तरह से फायदेमंद होता है.

**स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेय**

रासायनिक खादो से उत्पादित उपज स्वास्थ्य की दृष्टि से भी नुकसानदायक है. इससे शरीर में कई विपरीत प्रभाव पड़ते है. देखने में आता है कि फसल के साथ ही सब्जियों में भी जल्द पकने, अधिक उत्पादन की लालसा में रासायनिक सामग्री का उपयोग किया जाता है जो कि स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है.

### जैविक खाद और कीटनाशक पर जोर

परीक्षण में यह बात भी सामने आई है कि अधिकांशत: जैविक के स्थान पर रासायनिक कीटनाशक का उपयोग करने के कारण भी खेतों की उर्वरा शक्ति कमजोर हो रही है. इसके लिए विभाग द्वारा जैविक कीटनाशक का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है. साथ ही हरी खाद, बर्मी कम्पोस्ट, एफवॉयएम (रोडी की खाद), सूक्ष्म तत्व जैसे जिंक, बोरान की कमी देखी जा रही है.

रासायनिक खाद के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की कार्यक्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है. जैविक खाद का उपयोग इसके लिए बेहतर विकल्प है. इससे जहां मिट्टी की उर्वरा शक्ति बेहतर होगी वहीं इससे उत्पादित उपज का उपयोग स्वास्थ्य की दृष्टि से भी अनुकूल होगा.

**डा. ए.के. मिश्रा**
**कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग राजगढ़**

-------------

मई माह से मिट्टी परीक्षण लैब चालू हो गई है. अभी तक 1231 सैम्पल की जांच की जा चुकी है. इनमें 650 की रिपोर्ट आयी है. अधिकांशत: रासायिक खाद के उपयोग से खेतों की उर्वरा शक्ति कमजोर होना सामने आया है.

**एन.एस. हरियाले**
**वरिष्ठ कृषि अधिकारी, कृषि विभाग ब्यावरा**

# ई-ऑफिस से नस्तियां भेजने में फिसड्डी आला अधिकारी

## कलेक्टर के सामने पोर्टल को लॉग-इन भी नहीं कर सके

**नाराज कलेक्टर ने दिए नोटिस, मातहत कर्मचारियों को एक-एक वेतन वृद्धि रोकने की चेतावनी**

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 जुलाई, का.** प्रदेश शासन द्वारा लगभग चार माह पूर्व सभी जिलों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की जा चुकी है. जिसके तहत अब समस्त कार्यालयीन नस्तियां एवं पत्राचार ऑनलाईन संचालित किया जाना है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के लगातार निर्देशों के बावजूद जिले के अनेक अधिकारियों ने अभी तक ई-ऑफिस व्यवस्था में दक्ष होने में रूचि नहीं दिखाई है. जिसके कारण ऐसे अधिकारियों से संबंधित ई-नस्तियां प्रचलन में नहीं आ पा रही हैं.

सोमवार को आयोजित समय सीमा अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने इन अधिकारियों की कम्प्यूटर पर ई-ऑफिस संचालन संबंधी परीक्षा ले ली. परीक्षा के दौरान कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं एवं कार्यपालन यंत्री पीएचई ऐसे अधिकारी थे जो कम्प्यूटर पर ई-आफिस पोर्टल को लॉग-इन भी नहीं कर सके. कलेक्टर ने इन अधिकारियों को नोटिस थमाते हुए एक हफ्ते में ई-ऑफिस प्रणाली का संचालन सीखने की हिदायत दी. बैठक में एक माह में दस से कम नस्तियां ई-ऑफिस के माध्ययम प्रस्तुत करने पर वाणिज्यकर अधिकारी एवं खेल व युवा कल्याण अधिकारी को भी नोटिस देने के निर्देश दिए गए.

विभिन्न विभागों के 25 दिवस से अधिक समय पोर्टल लाग-इन नहीं करने वाले अधीनस्थ कर्मचारियों को एक-एक वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस देने के भी कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए.



# विकास कार्यों की मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, समय पर करें कार्य

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 15 जुलाई, सं.** कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ गौतम टेटवाल अपनी विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. और लगातार हर छोटे बड़े कामों की समीक्षा बैठक भी कर रहे हैं. इसी बीच मंत्री डा. गौतम टेटवाल ने विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को लेकर तहसील कार्यालय में समीक्षा बैठक की. जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे.

**विकास कार्यों में लेट लतीफी नही होगी बर्दाश्त** - बैठक मैं मंत्री गौतम टेटवाल ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारीयों ओर ठेकेदारों को सभी विकास कार्य समय अवधी में पूरा करने का अल्टीमेटम दिया. उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में लगातार विकास की गंगा बह रही है. इसमें सभी को ईमानदारी के साथ तेजी से काम करना होगा. यदि कोई भी अपना कार्य ईमानदारी से नहीं करता हुआ पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें. विकास कार्यों में लेट लतीफी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

**जनता को दीर्घकालिक लाभ दिलाना राज्य सरकार का उद्देश्य** - राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक जनहित को सुनिश्चित करना है. इसलिए सभी अधिकारी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को पूर्ण करें.

**अभियान चलाकर शहर को स्वच्छ बनाये** - मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है. क्षेत्र में 15 जुलाई से 15 अगस्त तक सफाई अभियान चलाकर सभी स्थानों को स्वच्छ किया जाए. सभी शासकीय कर्मचारी, अधिकारी, निगम के कार्यकर्ता, हर जगह जाकर सफाई अभियान में सहयोग कर गली मोहल्ला को स्वच्छ रखने में योगदान दें. साथ ही निगम अधिकारियों से कहा कि बरसात में कहीं भी जल भराव की समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखे. छोटी बड़ी नालियां और नाले की सफाई लगातार होती रहे. विद्यालय ओर अस्पताल परिसर के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें.

**सारंगपुर नगर पालिका एवं पचोर नगर परिषद में लगेंगे कैमरे** - बैठक के दौरान मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने कहा कि शहर में अधिकतर जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. जिसके द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी. एक महीने में पूरे शहर को स्वच्छ बनाएंगे. और जो भी खुले में गंदगी फैलाता हुआ नजर आए उस पर चालानी कार्यवाहीं करें.

# इंडस्ट्रियल एसोसिएशन का गठन

**नवभारत न्यूज**

**पीलूखेड़ी 15 जुलाई, सं. इंडस्ट्रियल एसोसिएशन पीलूखेड़ी की मीटिंग ओसवाल डेनिम में आयोजित की गई जिसमें पुन: आर के चौधरी यूनिट हेड लैप इंडिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया.**

जबकि के.के. गिरी कोका-कोला यूनिट हेड एवं मयंक वाजपेयी वाइस प्रेसिडेंट मानव संसाधन ओसवाल डेनिम के प्रस्ताव पर मदन गोपाल चौधरी ओसवाल यूनिट हेड को संरक्षक बनाया गया. रवि गुप्ता कोको कोला एचआर मैनेजर को महासचिव, उपाध्यक्ष मुंशी भगत भोपाल ग्लूज आर केमिकल, महेश जायसवाल विंध्याचल डिस्टलरीज मैनेजर सचिव, कोषाध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव, उप कोषाध्यक्ष विनोद केवी कैंप प्रबंध संचालक, मीडिया प्रभारी शाहिद पठान, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रभारी अजीत भौमिक, शुभम सिंह ओसवाल डेनिम, कार्यकारिणी समिति में तनवीर अहमद प्राइम कंटेनर प्रबंध संचालक, इब्राहिम राजा अमीना मेहंदी प्रबंध संचालक, सिद्धार्थ जैन स्वराज इलेक्ट्रिकल्स प्रबंध संचालक, पंकज जैन, राजेश स्वर्णकार, गौरव अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, श्री शिखर, संगठन सदस्य अनूप शर्मा, योगेश शर्मा,



रॉबिन गवलानी, प्रतीक गर्ग, रूपल अग्रवाल, मुकेश विश्वकर्मा, नीरज यादव, संदीप भाटिया, सत्य प्रकाश, ध्रुव नारायण सिंह उपस्थित रहे. संगठन के कार्यों पर चर्चा की गई. प्रति माह मीटिंग आयोजित करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया.

### ब्रेक फेल होने से पलटी क्रेन

**राजगढ़ 15 जुलाई, का.** सोमवार की दोपहर को राजगढ़ स्थित संकट मोचन बडली के यहां एक क्रेन एकाएक सड़क पर पलट गई. जिससे चालक को मामूल चोट आई है. सौभाग्य से कोई अनहोनी होने से बच गई. जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे संकट मोचन बडली की ओर से ब्यावरा जाते समय क्रेन का ब्रेक फेल हो गया तथा एक मोटरसाइकल सवार को बचाने में क्रेन पलट गई. वह रेल्वे ठेकेदार के पास काम करता है. अचानक ब्रेक आना बंद हो जाने से यह घटना हुई.

# मांगों को लेकर एकजुट हुई कार्यकर्ता, सहायिकाएं

## राजगढ़ में सौंपा ज्ञापन, जिले भर से पहुंची कार्यकर्ता, सहायिका



**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 जुलाई, का.** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ द्वारा राजगढ़ में अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया. जिले भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं राजगढ़ पहुंची.

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि महिला बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को एक नीति बनाकर सभी राज्यों में नियमित करते हुए उनका वर्ग निर्धारित किया जाये.

न्यूनतम पेंशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाये. दस वर्ष के अनुभव पर पर्यवेक्षक पद पर पदोन्नति दी जाये. विभाग के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में न लगाया जाये. इस दौरान जिले भर से आयी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका उपस्थित रही.

# सती माता, भैरव महाराज का पूजन उत्सव हुआ

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 15 जुलाई, सं.** पूर्णिमा पर सती माता एवं भैरव महाराज का पूजन उत्सव का आयोजन मेडतवाल समाज के थोदिया गोत्र जमींदार परिवार द्वारा किया गया.

समाज बंधु सती माता मंदिर परोलिया रोड़ पर एकत्रित हुए. जहां पं. स्वप्निल व्यास के द्वारा पूजा अर्चना करवाई. कुशवाहा मोहल्ला एवं भावसार मोहल्ला के मध्य स्थित भैरव महाराज की पूजा की.

सती माता मंदिर पर चल रहे निर्माण कार्य एवं आय- व्यय एवं सहयोग राशि की जानकारी दिनेश जमींदार ने दी. रामबाबू चौधरी बड़ागांव वाले ने मंदिर परिसर में निर्माण हेतु राशि दी. राकेश चौधरी राजगढ़, मनोहरसिंह जमींदार इंदौर, गिरीशचंद्र प्रोफेसर, रमेश चंद्र चौधरी,



राजेन्द्र सिंह जमींदार, द्वारका जमींदार, दिनेश जमींदार, हजारीलाल जमींदार कन्डेक्टर, राजेंद्र जमींदार इंदौर, अनिल, मनोज, किशोर मेडतवाल के द्वारा सहयोग राशि दी गई. भोजन व्यवस्था चौधरी परिवार खिलचीपुर द्वारा की गई.

### नौ नदियों के जल से किया अभिषेक

**कुरावर 15 जुलाई, सं.** श्री कुंडेश्वर धाम महिला मंडल समिति और रवि पाल मित्र मंडल द्वारा पीलूखेड़ी पार्वती नदी से सैकड़ो की संख्या में माता बहने द्वारा कलश यात्रा निकल गई. यात्रा पीलूखेड़ी से आरंभ होकर शिव धाम कॉलोनी शिव मंदिर पहुंची. वहां पर सभी महिलाओं के द्वारा भोले बाबा का महा जल अभिषेक किया गया और महा आरती कर प्रसादी बांटी गई.


**न्यायालय: श्रीमती आकांक्षा कत्याल प्रश्थम व्यवहार, न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, सारंगपुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

प्रोसेस कमांक-252/15 /7/2025

**समस**

**प्रकरण क्रं. RCSA/21/2025**

**1. कमल जाट पिता रमेशचंद्र, आयु व्यस्क, व्यवसाय कृषि, निवासी ग्राम बारवाखुर्रम, तहसील पचोर, जिला राजगढ़ म. प्र. .................. वादी**

**विरुद्ध**

**1. सर्वसाधारण**

**2. आरती जाटव पत्ति स्व मेवाराम, आयु व्यस्क, निवासी डॉ. लगान कंपाउंड गंगा आश्रम सीहोर जिला सीहोर**

**......... प्रतिवादीगण**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में वादी की ओर से एक वाद पेश किया जिसमें, सर्वसाधारण को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचना दी जाती है कि आप प्रतिवादी कमांक 01 नियत पेशी दिनांक 19.08.2025 को प्रात: 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं/विधिक प्रतिनिधि जिसकी प्रकरण की संपूर्ण जानकारी हो के माध्यम से उपस्थित रहे.

उक्त प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 19.08.2025 को प्रतिवादी क्रमांक 01 अथवा उनके किसी अधिवक्ता के अनुपस्थित होने पर आगे विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी.

यदि उका सुनवाई दिनांक 19.08.2025 को अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी. आज दिनांक 15.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया.



**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26

तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 15/07/25 से 18/07/25 तक

दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 15/07/25 से 19/07/25

सीट आवंटन 23/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 23/07/25 से 25/07/25 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 23/07/25 से 26/07/25

नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh

26 जून से -26 जुलाई 2025


**जन्मदिवस** राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के जन्म दिवस पर सुबह से देर रात तक चलता रहा बधाई का ताता

# समाज के हर वर्ग के स्नेह से अभिभूत हूं-पंवार

**पुलिस-प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, पक्ष-विपक्ष के नेता-कार्यकर्ता सहित आम लोग बधाई देने पहुंचे**

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 15 जुलाई, का. क्षेत्र के विधायक और मप्र शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री नारायण सिंह पंवार के जन्मदिवस पर आज प्रात: से देर रात तक लोगो का उनके कार्यालय, निवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा.**

बधाई देने पहुंचने वालों में एक ओर जहां पुलिस-प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी शामिल थे तो दूसरी ओर पार्टी के विभिन्न जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, आम कार्यकर्ता और जनसामान्य से जुड़े लोग शामिल रहे. इसके साथ ही पक्ष-विपक्ष के भी कई नेता-कार्यकर्ता श्री पंवार को बधाई देने पहुंचे.



श्री पंवार ने इस संबंध में नवभारत से चर्चा करते हुए कहा कि वे अपने आत्मीय स्वजनों के स्नेह से अभिभूत हूं. मुझे हर वर्ग, जाति-समुदाय, समाज के लोगो का आज जो आशीर्वाद मिला है वह जनता की सेवा करने व अपने दायित्व को और बेहतर तथा कठिन परिश्रम के साथ कार्य करने का हौंसला व प्रेरणा देता है. श्री पंवार ने कहा कि स्व प्रेरित हो लोगो का आशीर्वाद देने आने से वे सभी के और कर्जदार हो गए है. वे सभी आत्मीय जनों के प्रति आभार व्यक्त करते है.



श्री पंवार के जन्म दिन पर उनके कार्यालय में बधाई देने आने वालों में खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष दिलवर यादव, दीपक शर्मा, पूर्व जिपं अध्यक्ष जसवंत गुर्जर, भाजपा नेता सुदीप शर्मा नरसिंहगढ़, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, नपा में नेता प्रतिपक्ष ज्ञानु विजयवर्गीय, इसके साथ ही क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं इंका नेता पुरषोत्तम दांगी, सहित कई नेता, कार्यकर्ता शामिल थे. प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्र, एसपी अमित तोलानी, एसडीएम गीतांजलि शर्मा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे. इसके साथ ही विभिन्न समाज, धार्मिक-सामाजिक, व्यवसायिक संगठनों ने पहुंचकर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की.

# कार्यकर्ता आधारित होगी नई कांग्रेस पार्टी

## पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने की प्रेस वार्ता

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 15 जुलाई, का.** कांग्रेस पार्टी के तरह ही एक और कांग्रेस पार्टी तैयार की जाएगी. नई पार्टी में महत्वपूर्ण बात यह रहेगी कि यह पूरी तरह कार्यकर्ताओं पर आधारित पार्टी रहेगी. इसमें कोई हाईकमान नहीं होगा इसके फैसले कार्यकर्ता ही लेंगे..

यह बात पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने राजगढ़ में एक प्रेस वार्ता में कही. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरह ही एक नई कांग्रेस पार्टी का गठन सभी की सहमति उपरांत किया जाएगा जिसमें कार्यकर्ता ही सर्वोपरि होंगे. कार्यकर्ता ही पार्टी को चलाएंगे. कार्यकर्ताओं की मेम्बरशीप से आने वाली राशि से ही पार्टी चलेगी और चुनाव लड़े जाएंगे.

श्री सिंह ने कहा कि आखिर क्या कारण है कि बीते 20 सालों से मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं आ पा रही है. हम ऐसी नई कांग्रेस पार्टी खड़ी करेंगे जो सत्ता में वापिस आये. नई पार्टी का कोई हाईकमान नहीं होगा. कार्यकर्ता ही सर्वे सर्वा होंगे. ऐसे लोगों का चुनाव लड़ाया जाएगा जिन्हें अभी तक मौका नहीं मिला. श्री सिंह ने गत चुनाव में टिकिट बेचे जाने के भी आरोप लगाए.

**लाठी चार्ज की संस्कृति ठीक नहीं** - हाल ही में लाठीचार्ज की कुछ घटनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए श्री सिंह ने कहा कि लाठी चार्ज की संस्कृति ठीक नहीं है. कोई भी संगठन अपनी कोई बात लेकर आता है तो उसकी बात को सुनना चाहिए न कि लाठी चार्ज करें. इस दौरान श्री सिंह के समर्थक मौजूद रहे.